2025

HINDI — MINOR

Paper : MN-3

(Adhunik Hindi Kavita – Chhayavadottar)

Full Marks : 75

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

(आधुनिक हिंदी कविता – छायावादोत्तर)

1. किन्हीं ***तीन*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) "और अब वे कोयलें भी हैं अनाथ
क्योंकि उनका भी सहारा चल बसा
भूख ने उसकी जवानी तोड़ दी
यों बड़ी ही नेक थी कविता
मगर धनहीन थी, कमजोर थी;
और बेचारी ग़रीबन मर गई।
मर गई कविता
जवानी मर गई"

(ख) "खड़ा हुआ वह बीच सड़क पर
दोनों हाथ पेट पर रखकर
सधे कदम रख करके आए
लोग सिमट कर आँख गड़ाए
लगे देखने उसको जिसकी तय था हत्या
होगी"

(ग) "झाड़ ऊँचे और नीचे
चुप खड़े हैं आँख भींचे;
घास चुप हैं, काश चुप हैं
मूक शाल, पलाश चुप हैं;
बन सके तो धंसो इनमें,
धंस न पाती हवा जिनमें
सतपुड़ा के घने जंगल।"

Please Turn Over

(घ) बल्कि केवल यहीः ये उपमान मैले हो गए हैं।
देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूच।
कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है।
मगर क्या तुम नहीं पहचान पाओगी;
तुम्हारे रूप के – तुम हो, निकट हो, इसी जादू के –

(ङ) "कुली मजदूर हैं
बोझा ढोते हैं, खींचते हैं ठेला
धूल धुआँ भाप से पड़ता है साबका
थके मांदे जहाँ तहाँ हो जाते हैं ढेर
सपने में भी सुनते हैं धरती की धड़कन
आकर ट्राम के अन्दर पिछले डब्बे में
बैठ गए हैं इधर उधर तुमसे सटकर।"

2. पाँच में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) केदारनाथ अग्रवाल की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) "दिनकर ने 'कुरुक्षेत्र' कविता के माध्यम से युद्ध की समस्या पर गहन विचार किया है।"– कथन पर विचार कीजिए।

(ग) जनवादी कवि के रूप में नागार्जुन की विवेचना कीजिए।

(घ) स्नेहमयी चौधरी की कविताओं में व्यक्त सामाजिक विरोधाभासों पर विचार कीजिए।

(ङ) रघुवीर सहाय की कविताओं में निहित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : 1×9

(क) 'एक इंटरव्यू' किसकी रचना है?

(ख) 'काठ की घंटियां' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ग) किसी एक व्यंग्यात्मक कविता का नाम लिखिए।

(घ) " 'ज' से ज़मीदार 'क' से कारिन्दा"— किस कविता की पंक्ति है?

(ङ) 'अज्ञेय' का पूरा नाम लिखिए।

(च) 'मजदूर के जन्म पर' कविता के कवि कौन हैं?

(छ) 'गुलाबी चूड़ियाँ' कविता में किसके प्रेम को दर्शाया गया है?

(ज) दिनकर द्वारा रचित किसी एक काव्यसंग्रह का नाम बताइए।

(झ) 'पुष्प की अभिलाषा' कविता के रचयिता का नाम बताइए।